C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:14 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 12 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 24 जून 2024



नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अल्मोड़ा-रानीखेत हाईवे पर डेढ़ घंटे थमी रही वाहनों की रफ्तार

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-रानीखेत हाईवे पर कोसी के पास पेड़ गिरने से आवाजाही ठप रही। डेढ़ घंटे तक हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थमी रही। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही और सैकड़ों पर्यटक फंसे रहे। किसी तरह पेड़ हटाकर आवाजाही शुरू कराई गई। रविवार को सुबह 11 बजे अल्मोड़ा-रानीखेत हाईवे पर जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयन पर्यावरण संस्थान कोसी के पास चीड़ का एक पेड़ गिर गया। रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटकों ने रानीखेत का रुख किया। पेड़ गिरने के बाद हाईवे जाम हो गया तो पर्यटक फंस गए। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही और लोगों को इंतजार करना पड़ा। जीबी पंत संस्थान के कर्मियों ने पेड़ हटाकर डेढ़ घंटे बाद आवाजाही शुरू कराई, तब यात्री, पर्यटक और वाहन चालक गंतव्य को रवाना हुए।

### वाहन की चपेट में आने से सेना के जवान की मौत

**चंपावत।** जिला मुख्यालय में स्थित सैन्य छावनी में वाहन (लिफ्टर) की चपेट में आने से सेना का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सेना के वाहन से घायल जवान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई। चंपावत जिला मुख्यालय में स्थित सैन्य छावनी में वाहन (लिफ्टर) की चपेट में आने से सेना का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सेना के वाहन से घायल जवान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार करीब दोपहर 12 बजे सेना की छावनी में रोज की तरह अजय कुमार (29) पुत्र ईश्वर निवासी गोटीटोला चराम, छत्तीसगढ़ बड़े वाहन से टायर उठाने का काम कर रहा था। इसी दौरान ढलान होने के चलते वाहन पलट गया।

# तीन दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, भूस्खलन की संभावना

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश के अधिकांश जिलों में तीन दिन भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया है। इस दौरान पहाड़ों पर कहीं हल्का तो कहीं भारी भूस्खलन होने की आशंका है। इससे रास्ते भी प्रभावित हो सकते हैं। प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं राजधानी में भी आसमान में हल्के बादल छाए रहने और कुछ क्षेत्रों में गर्जन के साथ बारिश की भी संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के



पिथौरागढ़ बागेश्वर, नैनीताल, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चम्पावत, देहरादून, टिहरी एवं पौड़ी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। देहरादून जिले में मिलाजुला मौसम रहने के साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग के अनुसार 27, 28 और 30 जून को प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया है। इस दौरान पहाड़ों पर कहीं हल्का तो कहीं भारी भूस्खलन होने की आशंका है। इससे रास्ते भी प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में खासतौर पर चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को पूर्वानुमान के अनुसार सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। रविवार को देहरादून में बारिश होने से अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

राजधानी देहरादून में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंतनगर में अधिकतम तापमान 37.6 और न्यूनतम तापमान 28.2, मुक्तेश्वर में अधिकतम 23.8 और न्यूनतम तापमान 16.4 और नई टिहरी में अधिकत तापमान 27.5 और न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को देहरादून के कई इलाकों में बारिश होने से अधिकतम तापमान में दो डिग्री गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक देहरादून में 5.3 एमएम बारिश रिकार्ड की गई दोपहर बाद आंधी के साथ अचानक बारिश शुरू हो गई। नालियां चोक होने से कई इलाकों में बारिश का पानी सड़कों पर भर गया। जगह-जगह सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ी।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संसद परिसर में किया विरोध

# लोस के पहले सत्र का आगाज पीएम ने बतौर सांसद ली शपथ

नई दिल्ली
एजेंसी

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत हो चुकी है। तीन जुलाई तक चलने वाले सत्र के शुरुआती दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जा रही है। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के आसार हैं।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संसद परिसर में संविधान की प्रति लेकर विरोध प्रदर्शन किया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, हम इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। नरेंद्र मोदी सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। जिस तरह से प्रोटेम



स्पीकर की नियुक्ति की गई है, वह संविधान के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। भाजपा नेता राधा मोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। मोदी इस महीने की शुरुआत में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी और उनके मंत्रिपरिषद ने 9 जून को शपथ ली थी। मोदी का लोकसभा सदस्य के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। सदन के नेता के रूप में वे शपथ लेने वाले पहले व्यक्ति हैं। इससे पहले दिन में महताब ने राष्ट्रपति भवन में नए सदन के सदस्य के साथ-साथ प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का दिन गौरवमय है। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण होगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है।

# उत्तराखंड के राजकीय हाईस्कूल व इंटर कालेजों में संचालित होंगी छह से आठवीं तक की कक्षाएं

उत्तरांचल दीप
नवनीत सिंह, हल्द्वानी

प्रदेश के राजकीय हाईस्कूल व इंटर कालेजों में छह से आठवीं की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इनमें वे विधालय शामिल होंगे जो केवल नौ से 12वीं तक की ही कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। इस नयी व्यवस्था से दूरदराज के स्कूलों में पढ़ाई करने जा रहे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा।

इस संबंध में उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने प्रदेश भर के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। निदेशक बिष्ट की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि बीती 18 मई को ऐसे विद्यालयों की सूचना मांगी गई थी जो कक्षा छह से आठवीं तक की कक्षाएं संचालित नहीं कर रहे हैं। इन सूचनाओं के परीक्षण के बाद यह परिलक्षित हुआ है कि कतिपय राजकीय हाईस्कूल व इंटर कालेज जूनियर हाईस्कूलों से अत्यधिक दूरी पर स्थित हैं।

ऐसे में राजकीय हाईस्कूल एवं इंटर कालेज जहां एलटी संवर्ग में



शिक्षकों के पद सृजित हैं और निकटवर्ती जूनियर हाईस्कूल एक किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर स्थित है, वहां पर कक्षा संचालन हेतु पर्याप्त सुविधाएं भी हैं। उनमें छात्रहित में शैक्षिक सत्र 2024-25 से जूनियर कक्षाओं का संचालन आरंभ किए जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। अन्य विधालय जो इससे कम दूरी पर स्थित हैं, उनसे स्थानीय मांग प्राप्त होने पर पृथक से अनुमति प्रदान की जाएगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में अभी अधिकांश इंटर कालेजों में कक्षा नौ से 12वीं तक की ही कक्षाएं संचालित हो रही थी। इस नयी व्यवस्था के बाद विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक दूरी वाले स्कूलों में पढ़ने जा रहे कक्षा छह से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को भी सुविधा मिल सकेगी।

# खटीमा में आकाशीय बिजली गिरने से भाई-बहन की मौत

खटीमा
हमारे संवाददाता

खटीमा के सैजना गांव में सोमवार सुबह खेत में आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई लगा रहे भाई-बहन की मौत हो गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

खटीमा के सैजना गांव में सोमवार सुबह खेत में आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई लगा रहे भाई-बहन की मौत हो गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सैजना निवासी सुमित राणा (19) और उसकी बहन सुहावनी राणा (24) सुबह करीब 10:00 बजे अपने खेत में धान की रोपाई लग रहे थे। साथ में उनकी माता संक्रांति देवी और बड़ा भाई गोविंद सिंह भी रोपाई लगा रहे थे। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से




सुमित और सुहावनी की मौत हो गई। आकाशीय बिजली गिरने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए खटीमा उप जिला अस्पताल लाया गया। तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि परिजनों को देवीय आपदा और कृषि मंडी समिति से मुआवजा दिया जाएगा।

# कृषि क्षेत्र में 500 करोड़ का निवेश करेगा अडानी समूह

देहरादून
हमारे संवाददाता

अडानी समूह के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर निवेश पर चर्चा की। अडानी समूह अनाज और फलों के भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाएगा। उत्तराखंड में अडानी समूह कृषि क्षेत्र में 500 करोड़ का निवेश करेगा। राज्य में उत्पादित मोटे अनाज और फलों के भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा ऊर्जा और कौशल विकास के क्षेत्र में समूह निवेश करेगा।

अडानी समूह के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर प्रस्तावित निवेश पर चर्चा की। अडानी ग्रुप के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स (नार्थ) आनंद सिंह भसीन ने बताया कि




समूह की ओर से उत्तराखंड में कृषि व बागवानी फसलों के भंडारण में निवेश की योजना है। इससे प्रदेश के किसानों को अनाज व फलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए भंडारण की सुविधा मिलेगी। साथ ही उपज को खराब होने से बचाया जा सकेगा। राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की योजना है। दक्ष मानव संसाधन के लिए प्रदेश में कौशल विकास सेंटर खोला जाएगा। निवेश से जहां स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। वहीं, कौशल विकास से उद्योगों में नौकरी का मौका मिलेगा।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अडानी ग्रुप को प्रदेश सरकार की तरफ से सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र मामले में कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। कहा, राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां व कृषि जलवायु क्षेत्र, विभिन्न फसलों के उत्पादन के लिए अत्यधिक अनुकूल है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार का बागवानी फसलों का उत्पादन बढ़ाने पर जोर है। उन्होंने कहा निवेश अनुकूल नीतियों के कारण आज देश दुनिया के निवेशक उत्तराखंड में निवेश के लिए आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश में कृषि व उद्यान के क्षेत्र में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। इस मौके पर अडानी रूप के महाप्रबंधक आरके पांडे, उत्तराखंड जैविक बोर्ड के प्रबंध निदेशक विनय कुमार मौजूद थे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपाईयों ने नैनीताल क्लब में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन करके एक गोष्ठी का आयोजन किया गया वहीं बाद में उनकी याद में पौधारोपण भी किया।





तीनों कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या रही जबकि मुख्य वक्ता पार्टी के युवा नेता व कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह पडियार और अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट रहे। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि हमारे मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो हम सबको एक विचार दिया हम सब लोग उस विचार के साथ चले और उनके द्वारा दिए गए विचार एक देश- एक विधान -एक प्रधान तथा एक निशान को आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने परिलक्षित किया है और हम सब ने प्रण करना है कि हमारे मार्गदर्शक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा दीनदयाल उपाध्याय तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई द्वारा दिए गए मानवता और अंत्योदय के विचार को भी पूरा करें। गोष्ठी को पार्टी की वरिष्ठ नेत्री विमला अधिकारी समेत प्रो. ललित तिवारी तथा नितिन सिंह कार्की व हरीश सिंह राणा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में अलका जीना, दीपिका बिनवाल, सुमन रावत, ज्योति ढौडियाल, गजाला कमाल, सरोज आर्या, रेखा जोशी, तुलसी डालाकोटी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह रावत, विक्रम सिंह राठौर, निखिल सिंह बिष्ट,अरुण कुमार, मनोज साह जगाती, संतोष कुमार,रचित तिवारी, प्रेम सागर, दीप भट्ट, आयुष भंडारी, विकास जोशी, रितुल कुमार, प्रवीण साह, प्रकाश नौटियाल तथा विशाल वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा संचालन मोहन सिंह नेगी ने किया।

**आयोजन**

- **पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन करके एक गोष्ठी का आयोजन**

## पर्यटक ही पी जा रहे नगर का आधा पानी

**नैनीताल।** मैदानी क्षेत्रों में हो रही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए रोजाना हजारों पर्यटक नैनीताल पहुंच रहे हैं। ऐसे में नैनीताल में पीने का पानी का संकट गहराने लगा है। स्थिति यह है कि शहर में सप्लाई होने वाले कुल पानी का आधा हिस्सा पर्यटक ही पी जा रहे हैं। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता विपिन कुमार चौहान के अनुसार पर्यटकों की संख्या बढ़ने के कारण पानी की मांग दोगुने के करीब पहुंच रही है। आम दिनों में नैनीताल की 40 हजार की आबादी और होटलों के लिए 7 से 8 एमएलडी पानी की जाती है,लेकिन इन दिनों 12 एमएलडी पानी की सप्लाई संस्थान रोजाना कर रहा है जिसमें लगभग 4 एमएलडी पानी होटलों को सप्लाई किया जा रहा है। सामान्य तौर पर 7 से 8 एमएलडी पानी पर्याप्त होता है लेकिन बीते एक महीने से 12 एमएलडी पानी सप्लाई किया जा रहा है। इसमें से 4 एमएलडी होटलों को और 8 एमएलडी स्थानीय लोगों को दिया जा रहा है। गर्मी बढ़ने से शहर के कुछ इलाकों में पानी की कटौती की समस्या आ रही है।



## बसों की कमी से यात्रियों की परेशानियां लगातार बढ़ रही

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

एक ओर जहां इन दिनों सरोवर नगरी नैनीताल में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन पीक पर चल रहा है वहीं दूसरी ओर परिवहन निगम की ओर से पर्यटकों तथा स्थानीय लोगों के आने-जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में बसों का प्रबंध न किए जाने से यात्रियों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं।

रविवार को तल्लीताल स्थित परिवहन निगम के रोडवेज स्टेशन में यात्रियों की काफी भीड़ लगी रही, यात्रियों को बस के इंतजार में घंटों गवाने पड़े,दूसरी ओर स्टेशन प्रबंधन की ओर से यात्रियों की भीड़ को देखते हुए टिकट काउंटर से टिकट लेने के बाद ही यात्रियों को बस में बैठने दिया गया। मामले में रोडवेज स्टेशन मुख्य अधीक्षक विमला रौतेला ने बताया कि पर्यटक सीजन में रोडवेज की बसे नैनीताल से हल्द्वानी रोजाना 76 चक्कर लगा रही हैं,उसके बावजूद भी बसों की कमी हो रही हैं,साथ ही सडकों में जाम लगने के कारण बसें देर से स्टेशन में पहुँच रही हैं जिस कारण यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। बता दें नैनीताल में इन दिनों पर्यटन सीजन तो चल ही रहा है वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोग भी परिवहन निगम की बसों में ही यात्रा करते हैं,स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन को चाहिए कि जाम की समस्या से निजात पाने के लिए ठोस कदम उठाए ताकि लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

## 99वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में खेली जा रही 99वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता के तहत सोमवार (आज) को फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स हॉस्टल हरियाणा और सीबीडीटी ऑल इंडिया के मध्य खेला जाएगा।

इससे पूर्व रविवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सीबीडीटी ऑल इंडिया ने शाहबाद को पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रदेश के शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल होंगे जो फ इनल में विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को पुरस्कृत करेंगे।दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सीबीडीटी ऑल इंडिया और मारकंडे हॉकी क्लब शाहबाद आमने-सामने रही।

इस दौरान सीबीडीटी ऑल इंडिया ने मुकाबला 3-2 ने जीता। मुकाबले में रेफ री मोहित तथा लाल खान रहे। आयोजन की सफलता में डीएसए के महासचिव अनिल गढिया समेत हॉकी सचिव आलोक चौधरी समेत जीएल साह, सीएल साह, मुकुल जोशी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, रवि जोशी, धर्मेंद्र शर्मा, एनडी बिष्ट, संजय कुमार तथा डा. मनोज बिष्ट आदि जुटे रहे।



## NEWS / फटाफट

### ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा

**नैनीताल ।** ज्योलीकोट के समीप रविवार को तडके एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा इसमें चालक मामूली चोटिल हो गया जबकि ट्रक में सवार अन्य दो लोग पूरी तरह सकुशल बच गए। जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह एक ट्रक हल्द्वानी से अल्मोड़ा की ओर सामान लेकर जा रहा था। ज्योलीकोट के समीप पहुंचते ही ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। जिसमें चालक को हल्की चोटें आई। ज्योलीकोट चौकी प्रभारी अविनाश मौर्य न बताया कि संयोग से चालक को मामूली चोट आई हैं वह भी ठीक है।

### शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर विधायक से मिले



**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के पदाधिकारी विकासखंड ओखलकाण्डा में लंबे समय से अध्यापक विहीन एवं एकल अध्यापकीय चल रहे विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर भीमताल के विधायक राम सिंह कैड़ा से मिले। संगठन के मुताबिक विधायक कैडा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा महकमे के अधिकारियों को शिक्षकों की नियुक्ति करने के निर्देश दे दिए हैं। विधायक से मिलने वालों में उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन जनपद नैनीताल के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार समेत गोपाल बिष्ट ब्लॉक मंत्री ओखलकांडा के अलावा ईश्वर सिंह वोरा, हरिश्चंद्र शर्मा, हेम शर्मा,तारा सिंह वोरा,खीमेश फुलारा,दिनेश चन्द्र भट्ट सहित अनेकों शिक्षक प्रतिनिधि एवं शिक्षक उपस्थित थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## डीएसबी परिसर में रविवार को इग्नू टीम द्वारा पौधारोपण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में रविवार को इग्नू टीम द्वारा पौधारोपण किया गया। इग्नू की टीम द्वारा पारिजात के पौधरोपण किया। बता दें कि परिजात किन्नूर (उत्तर प्रदेश) के बाराबंकी जिले के किनूर में गोरखचिंच से संबंधित है,सांस्कृतिक तथा पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

मान्यता है कि महाभारत में माता कुंती के आग्रह पर अर्जुन ने इस वृक्ष को धरती पर लाए तथा नारद मुनि ने श्री कृष्ण को भेंट में परिजात का पौधा दिया था। 1000 वर्ष की आयु वाला परिजात पुष्प माता लक्ष्मी को प्रिय तथा परिजात मनोकामनापूर्ण करने वाला माना गया है। निक्टेंथस आर्बोट्राइटिस वानस्पतिक नाम तथा कोरल जैस्मिन एइंडियन मैग्नोलिया के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम इग्नू के



मुख्य समन्वयक प्रो. ललित तिवारी के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर प्रो. तिवारी ने कहा कि बरसात का आगमन पर रविवार को इग्नू टीम द्वारा अपनी जिम्मेदारी के एवज में पौधे रोपे जिससे प्रकृति हरी भरी तथा हवा शुद्ध होती है। पौधारोपण वर्गीकरण शास्त्री स्वर्गीय प्रो. यशपाल सिंह पांगती,स्वर्गीय डॉक्टर रणबीर सिंह रावल तथा स्वर्गीय डॉक्टर सुचेतन साह को समर्पित रहा तथा उनकी स्मृति में पौधारोपण हुआ । परिजात के पौधे डॉ. हिमानी कार्की द्वारा उपलब्ध कराए गए। पौरारोपण कार्यक्रम में डॉक्टर नवीन पांडे समेत नंदा बल्लभ पालीवाल, डॉक्टर संदीप मैंडोलिया, गोपाल सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह, विकास, सूरज सहित इग्नू के विद्यार्थी शमिल रहे।

## टू डूईंग बिजनेसः सरकारी सेवाओं एवं लोगों को आनलाईन प्लेटफार्म से जोड़ने का प्रयास

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शहरी विकास निदेशालय द्वारा इजी टू डूईंग बिजनेस कार्यक्रम के तहत सरकारी सेवाओं एवं लोगों को आन लाईन प्लेटफार्म से जोड़े जाने के प्रयास किये जा रहें हैं जिसके तहत निकाय क्षेत्र अंतर्गत समस्त सम्पत्तियों जैसे आवासीय भवन, व्यवसायिक भवन, कार्यालय तथा बाजार क्षेत्र, खाली भूमि आदि का डिजिटल डाटा तैयार किया जा रहा है जिसके तहत प्रत्येक सम्पत्ति को यूनिक आई डी प्रदान की जाएगी।

नैनीताल नगर पालिका परिषद के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस डाटा का प्रयोग शहर की योजना एवं विकास कार्यों हेतु किया जाएगा जिससे कार्य में सुगमता एवम् सरलता आएगी। इतना ही नहीं जिससे कोई भी व्यक्ति कहीं भी बैठ कर स्वयं की संपत्ति की डिजिटल फाइल भी प्राप्त कर सकेगा।

कागजी अभिलेखों को संरक्षित किये जाने में किठनाई होती है, कई प्रकरणों में तो पत्रावलियां गुम हो जाती है या जीर्णशीर्ण हो जाती हैं साथ ही संपत्ति में संशोधन व परिवर्तन होने में समय समय पर मैनुअल सर्व की आवश्यकता नहीं होगी। डिजिटल डाटा तैयार होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति को सम्पति संबंधी जानकारी हेतु सरकारी कार्यालय नहीं जाना पड़ेंगा प्रत्येक सम्पत्ति पर

क्यू आर कोड जनरेट किया जा सकता है।कोई भी व्यक्ति स्वयं की सम्पत्ति से संबंधी समस्त बिलों तथा करों एवम् अन्य देयकों का भुगतान कर सकता है।

# अभिमत

## फिर दी नसीहत

*लोगों को सरकार से अनगिनत अपेक्षाएं होती हैं। अकेले प्रधानमंत्री 140 करोड़ लोगों की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते। यह पहला मौका नहीं है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रियों को कर्तव्यबोध कराया है। वर्ष 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने पर ही मोदी ने प्रत्येक मंत्री और सांसद को अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनता की समस्याएं सुनने और उनका मौके पर ही निस्तारण करने को कहा था। जनसम्पर्क के दौरान लोगों को सरकार की उपलब्धियों तथा उनके क्षेत्र के लिए स्वीकृत योजनाओं के बारे में जानकारी देने को कहा था। क्षेत्र विशेष में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण और निर्धारित अवधि में कार्य पूरा कराने को कहा।*

तीसरी बार सत्ता संभालने पर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यवहार में कोई अंतर नहीं आया है। मंत्रियों को एक बार फिर नसीहत दी है। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि मंत्री एवं जनप्रतिनिधि जमीनी स्तर पर काम करें और जनता से सम्पर्क बना कर रखें। मंत्रिपरिषद में शामिल सदस्यों से कहा कि ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता न करें। समझौता नहीं करने का अर्थ यह कतई नहीं है कि मंत्री कठोर स्वभाव से काम करें। प्रधानमंत्री मोदी ने विनम्रता को भी परिभाषित किया है। विनम्र व्यवहार वालों से लोग प्यार करते हैं। मंत्री सभी सांसदों को सम्मान दें, चाहे वह किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उन्हें देशवासियों ने ही चुना है। सरकार की योजनाओं और फैसलों का कार्यान्वयन अधिकारी व कर्मचारी करते हैं, इसलिए उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए। लोगों को सरकार से अनगिनत अपेक्षाएं होती हैं। अकेले प्रधानमंत्री 140 करोड़ लोगों की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते। यह पहला मौका नहीं है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रियों को कर्तव्यबोध कराया है। वर्ष 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने पर ही मोदी ने प्रत्येक मंत्री और सांसद को अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनता की समस्याएं सुनने और उनका मौके पर ही निस्तारण करने को कहा था। जनसम्पर्क के दौरान लोगों को सरकार की उपलब्धियों तथा उनके क्षेत्र के लिए स्वीकृत योजनाओं के बारे में जानकारी देने को कहा था। क्षेत्र विशेष में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण और निर्धारित अवधि में कार्य पूरा कराने को कहा। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों और सांसदों से सौ दिन में रिपोर्ट कार्ड देने की बात भी कही। अफसोस इस बात का है कि जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशों का पालन नहीं किया। भाजपा ने बहुत से सांसदों को टिकट नहीं दिया। नये उम्मीदवार को टिकट देने का फायदा मिला। दिल्ली की सात में से छह सीटों पर नये उम्मीदवार भाजपा ने उतारे थे। दिल्ली की सातों सीटें पहले की तरह भाजपा की झोली में आईं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पूरी ताकत झोंककर भी नाकाम रहीं। लोकसभा में अकेले भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने से विपक्ष हावी हो गया है। गठबंधन के सहयोगियों से भी मुद्दों को लेकर समझौते की मजबूरी बनी है। प्रधानमंत्री मोदी दूरदर्शी हैं और उन्होंने मंत्रियों से सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों के साथ ही विपक्षी सांसदों की बात को पूरी तरजीह देने को कहा है। राजनीति के जानकारों का अनुमान है कि विपक्ष के सांसदों से विनम्र व्यवहार और उनकी बात सहानुभूति से सुनकर उनके काम करने से भविष्य में दलबदल कराकर अकेले भाजपा को बहुमत की स्थिति में पहुंचाया जा सकता है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर भाजपा ने सबसे अधिक दलबदल कराया, इसके नफा-नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# शादी के लिए दोस्तों संग मिलकर की पत्नी की हत्या

जसपुर

हमारे संवाददाता

राजस्थान में हुई जसपुर की वर्षा हत्याकांड का पाली जिले के पुलिस अधीक्षक ने रविवार को पर्दाफाश किया। दावा किया कि हत्याकांड को मृतका के पति और उसके दो दोस्तों ने अंजाम दिया था।

राजस्थान में हुई जसपुर की रहने वाली वर्षा की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वर्षा का पति विशाल दोस्त की बहन से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था। इसलिए उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसकी वर्षा की हत्या को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने विशाल के अलावा उसके साथी मोहित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा साथी सोनू ठाकुर अभी फरार चल रहा है। पाली (राजस्थान) के पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने बताया कि जसपुर निवासी विशाल का अपने दोस्त मडवाखेड़ा निवासी मोहित उर्फ मन्नू निवासी की बहन से प्रेम प्रसंग था। युवती के परिवार वाले भी विशाल से अपनी बेटी की शादी कर देना चाहते थे। प्रेम प्रसंग के चलते वर्षा की पति से लड़ाई हुई और वह अपने मायके उदयपुर गांव चली गई थी। विशाल कुछ समय पूर्व ही उसे मनाकर घर लाया था। उसने चिकनी चुपड़ी बातों से वर्षा का विश्वास जीतने की कोशिश की। इसके बाद अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वर्षा के जन्मदिन पर खाटू श्याम मंदिर के दर्शन का बहाना बनाया। फिर वह अपने साथियों के साथ राजस्थान के लिए रवाना हुआ, जहां मंदिर दर्शन के बाद 18 जून की रात विशाल और उसके दो दोस्तों ने वर्षा की गला घोटकर गाड़ी में ही हत्या कर दी। 19 जून की सुबह थाना सोजत सिटी के निर्जन क्षेत्र में शव को सड़क किनारे फेंक विशाल ने वर्षा के सीने में दो गोलियां मारी और फिर वहां से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल और मोहित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा साथी सोनू ठाकुर अभी फरार है। सोनू वकील बताया जा रहा है। पुलिस गाड़ी के नंबर के सहारे आरोपी तक पहुंची। राजस्थान के टोल प्लाजा पर पुलिस ने गुजरने वालीं गाड़ियों के नंबरों और रास्ते में पड़ने वाले सीसी टीवी के फुटेज की सघन जांच की। गाड़ी के नंबर के सहारे ही राजस्थान पुलिस आरोपी तक पहुंच गई। बीते बृहस्पतिवार को जसपुर पहुंची राजस्थान पुलिस विशाल और मोहित को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई थी। उदयपुर गांव निवासी हिमांशु कुमार ने अपनी बहन वर्षा की हत्या के मामले में वर्षा के पति विशाल कुमार ससुर संजय कुमार, रजनी, अभिषेक, अंजलि, मोहित उर्फ मुन्नू के खिलाफ गोली मार के हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्षा की मौत से उसके मायके वाले सदमे में है। सभी को यह लग रहा है कि जब वर्षा अपने पति से नाराज होकर मायके आ गई थी और उसे मनाने के लिए पति विशाल उसे वापस ले जाने आया था तो कोई भी उसके नापाक इरादों को पहचान नहीं पाया। उसकी बातों में आकर वर्षा को उसके साथ भेज दिया। सब यही कह रहे हैं कि काश उस वक्त उन्होंने वर्षा को विशाल के साथ न भेजा होता। इधर मां की मौत से सात साल की लक्षिका उर्फ परी गुमसुम है। वह किसी से बात नहीं कर रही है।



**खुलासा**

● गाड़ी के नंबर के सहारे आरोपियों तक पहुंची पुलिस

### खनन के वाहनों की आवाजाही के विरोध में दिया धरना

**काशीपुर।** ब्रह्मनगर के पास खनन सामग्री से भरे डंपरने बिजली के खंभे में टक्कर मारकर लाइन को क्षतिग्रस्त दिया गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे कई लोग चोटिल होने से बाल-बाल बचे। घटना के विरोध में रविवार को ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गुलजारपुर क्षेत्र के स्टोन क्रशरों से खनन सामग्री से भरे वाहन चलते हैं। धरने पर बैठने वालों में प्रमुख रूप से सरोज, कविता, सीमा, धर्मावती, सुनीता, फूलवती, राहुल, सीमा, राजपाल, खेम सिंह और अमर सिंह आदि शामिल रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाहोपरान्त मैंने अपना नाम कमला देवी से बदलकर कमला बिष्ट रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे कमला बिष्ट नाम से जाना पहचाना जाए। - **कमला बिष्ट पत्नी पंकज सिंह, वेस्ट खेड़ा, गौलापार, पो0 काठगोदाम, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# रोस्टरानुसार कार्रवाई न करने पर रोष जताया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मचारी तथा शिक्षकों का एक करोड़ तक का दुर्घटना बीमा किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष आभार व्यक्त किया गया एवं कतिपय विभागों में अभी तक तबादला नीति के तहत रोस्टरानुसार कार्रवाई नहीं करने पर रोष जताया गया।

परिषद की मामले को लेकर रविवार को ऑनलाइन बैठक हुई जिसमें वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। बैठक में वक्ताओं ने तबादला नीति में पारदर्शिता नहीं अपनाने वाले विभागों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने कहा कि विगत दिनों कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मचारी व शिक्षकों का एक करोड़ तक का दुर्घटना बीमा किए जाने की मंजूरी का सभी कर्मचारियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया साथ ही



उन्होंने कहा सरकार के इस कदम से कर्मचारियों को मानसिक रूप से सबलता मिलेगी।

बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि कतिपय विभागों द्वारा तबादला नीति के तहत रोस्टर के अनुसार कार्रवाई नहीं की जा रही है उन्होंने कहा कि तबादला करते समय विभागों को मानवीय पक्ष दृष्टिगत रखते हुए करवाई की जाए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरजेश काण्डपाल ने कहा कि परिषद की पूर्ववत मांगों में से एक इस महत्वपूर्ण मांग पर कैबिनेट की मुहर लग जाने से कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त योजना मात्र चार बैंकों में ना होकर प्रदेश के अन्य बैंकों में भी लागू की जानी चाहिए। बैठक में परिषद के संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं आउटसोर्स कर्मचारी को भी लिया जाना न्याय संगत होगा।

उन्होंने कहा कि तबादला नीति में पारदर्शिता नहीं अपने वाले विभागों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इसरार बेग ,शिक्षक संघ के प्रतीय संयुक्त मंत्री जगदीश सिंह बिष्ट. मंडली मंत्री रवि शंकर गुसाईं तथा डा. मोहित सनवाल, दीपक सिंह बिष्ट, गणेश सिंह बिष्ट, विनोद भट्ट, महेंद्र पटवाल, मनीष त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह रौतेला, प्रताप सिंह मनराल , तथा विजय शाह,आनंद सिंह जलाल,तनवीर असगर, दिनेश चंद जोशी, राजेंद्र प्रसाद टम्टा. आनंद सिंह जलाल , सत्य प्रकाश द्विवेदी व आनंद पांडे, भोपाल सिंह बिष्ट सहित कई कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया ।

# फिल्मी दुनिया

## नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने दिव्यांग फैन को मारा था धक्का



*नागार्जुन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पैपराजो के पोस्ट को साझा करते हुए अपने फैन से माफी मांगी है। अभिनेता ने लिखा है, मुझे अभी इस घटना के बारे में पता चला है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैं उन सज्जन से माफी मांगता हूं। मैं कोशिश करूंगा कि भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण था। साउथ के सुपर स्टार नागार्जुन कल से चर्चा में बने हुए हैं। सोशल मीडिया उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें उनके बॉडीगार्ड के द्वारा एक दिव्यांग फैन को धक्का मारते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो की वजह से अभिनेता काफी ट्रोल हो रहे हैं। वहीं अब अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट साझा करते हुए इसके लिए माफी मांगी है। नागार्जुन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पैपराजो के पोस्ट को साझा करते हुए अपने फैन से माफी मांगी है। अभिनेता ने लिखा है, मुझे अभी इस घटना के बारे में पता चला है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैं उन सज्जन से माफी मांगता हूं। मैं कोशिश करूंगा कि भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण था। नागार्जुन ने इस पोस्ट के साथ हाथ जोड़ते हुए इमोटिकॉन को भी साझा किया है।*

### वीडियो की वजह से हुए ट्रोल

*नागार्जुन इस वीडियो की वजह से काफी ट्रोल हो रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, ये दिव्यांग हैं। इन्हें कितना अपमानित महसूस हुआ होगा। एक अन्य यूजर ने लिखा है, यह दिल दहला देने वाला है। ये आदमी इस तरह के दुर्व्यवहार के लायक नहीं हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेता के लिए कई बातें लिखी जा रही है। कुछ लोग कह रहे हैं कि अभिनेता को वहीं स्टैंड लेना चाहिए था।*

# 13 साल की लड़की पर तेंदुए ने किया हमला

बाजपुर

हमारे संवाददाता

बाजपुर में गांव गोबरा क्षेत्र में तेंदुए का आतंक बना है। रविवार देर शाम तेंदुए ने हमला कर किशोरी को घायल कर दिया। शोरगुल होने पर तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। घटना से ग्रामीणों में दहशत है।

बाजपुर में गांव गोबरा क्षेत्र में तेंदुए का आतंक बना है। रविवार देर शाम तेंदुए ने हमला कर किशोरी को घायल कर दिया। शोरगुल होने पर तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। घटना से ग्रामीणों में दहशत है।

रविवार देर शाम सात बजे गांव गोबरा निवासी गुरदेव सिंह की बेटी संदीप कौर (13) घर के पास शौच के लिए गई थी। तभी तेंदुए ने उसपर अचानक हमला कर दिया। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े। शोरगुल होने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल किशोरी को परिवार के लोगों ने उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं, रामनगर डीएफओ पीसी आर्य ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, फिर भी बन्नाखेड़ा रेंज के कर्मचारियों को मौके पर भेज पड़ताल कराई जाएगी।




# गंगोत्री-यमुनोत्री धाम पहुंचे रिकॉर्ड 9 लाख श्रद्धालु

उत्तरकाशी

हमारे संवाददाता

इस अवधि में यहां गंगोत्री व यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड 901758 पहुंच गई जबकि इस अवधि में वर्ष 2022 में कुल 659061 और वर्ष 2023 में 778257 श्रद्धालु ही पहुंचे थे।

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 9 लाख के पार पहुंच गई है, जो दोनों ही धामों में पिछले साल की तुलना में पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या से 16 प्रतिशत अधिक है।चारधाम यात्रा को 45 दिन की अवधि हो चुकी है। इस अवधि में यहां गंगोत्री व यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड 901758 पहुंच गई जबकि इस अवधि में वर्ष 2022 में कुल 659061 और वर्ष 2023 में 778257 श्रद्धालु ही पहुंचे थे। यमुनोत्री धाम में अभी तक 442186 व गंगोत्री में 459572 श्रद्धालु पहुंचे हैं। यमुनोत्री आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या वर्ष 2023 के सापेक्ष 20 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, गंगोत्री में वर्ष 2023 की तुलना में 12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। दोनों धामों की यात्रा पर आने वाले यात्री वाहनों का आंकड़ा भी 12.77 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले साल जहां दोनों धामो में 71053 वाहन पहुंचे थे। वहीं, इस बार यह 80128 पहुंच गया है।



## News कॉर्नर

### प्रो.चित्रा पांडे के पति का निधन पर शोक



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर की विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो.चित्रा पांडे के पति एडवोकेट मोहन चंद्र पांडे (75) का रविवार को उपचार के दौरान दिल्ली में निधन हो गया। दिवंगत पांडे नगर के जानेमाने अधिवक्ताओं में अपना अहम स्थान रखते थे। वह अधिवक्ता होने के साथ ही वह सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वह कुमाऊं विवि के कार्य परिषद के सदस्य भी रहे तथा बार एसोसिएशन में भी सक्रिय रहे। परिजनों के मुताबिक दिवंगत पांडे का अंतिम संस्कार सोमवार (आज) सुबह 10 बजे रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में किया जाएगा। उनके निधन पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ. विजय कुमार समेत कूटा परिवार के साथ ही कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत समेत कुमाऊं विवि प्रशासनिक भवन व डीएसबी परिसर परिवार ने गहरा दु:ख जताया है।

### सौरभ, सोनिया, दीपक दौड़े सबसे तेज

**पिथौरागढ़।** राष्ट्रीय खेलों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जिला ओलंपिक संघ की ओर से लंबी दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह लुंठी ने देव सिंह मैदान में युवाओं को दौड़ के लिए प्रोत्साहित किया। दौड़ देव सिंह मैदान से वरदानी मंदिर तक हुई। इसमें सौरभ पाठक प्रथम, विनोद चामी द्वितीय, हिमांशु सिंह तृतीय, करन मेहता चतुर्थ और दीपक सिंह पंचम स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सोनिया पांडेय पहले, रितिका गिरी दूसरे, दिव्या खन्ना तीसरे और दीपिका विश्वकर्मा चौथे स्थान पर रहीं।

# चिंता: राजाजी टाइगर रिजर्व में 18 दिन से लापता हैं बाघिन और शावक

हरिद्वार

हमारे संवाददाता

जंगल में लगाए गए कैमरा ट्रैप में बाघिन और दो शावक कैद नहीं हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि बाघिन बहुत कम कैमरा ट्रैप में आती है, पर 18 दिन से वो एक बार कैमरा ट्रैप में नहीं आई है।

राजाजी टाइगर रिजर्व के जंगल में बाघों का कुनबा बढ़ाने के लिए लाई गई बाघिन व उसके शावक 18 दिन से लापता हैं। कैमरा ट्रैप में उनके नहीं मिलने से राजाजी प्रशासन चिंतित है, जबकि बाघिन के दो शावकों के शव मिल चुके थे। इससे राजाजी प्रशासन बाघिन व शावकों की तलाश में जुटा हुआ है। राजाजी टाइगर रिजर्व के पश्चिमी क्षेत्र में बाघों का कुनबा बढ़ाने के लिए जिम कार्बेट पार्क से बाघ और बाघिनों को छोड़ा गया है। दो बाघिनों की ओर से पिछले महीने



शावकों को जन्म भी दिया गया था। जिससे बाघों का कुनबा बढ़ाने की राजाजी प्रशासन की योजना परवान चढ़ती दिख रही है। इनमें एक बाघिन ने एक और दूसरी बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया था।

एक बाघिन के साथ तो उसका शावक जंगल में भ्रमण करता हुआ नजर आ रहा है, पर एक बाघिन के दो शावक के शव पांच जून को राजाजी टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को जंगल में मिले थे। जिससे राजाजी प्रशासन के अधिकारियों को काफी दुख हुआ था, क्योंकि, उनकी बाघों की संख्या बढ़ाने की योजना में यह एक बहुत बड़ा झटका था।

मगर अब उसके बाद से बाघिन अपने दो शावकों के साथ दिखाई नहीं दे रही है। जंगल में लगाए गए कैमरा ट्रैप में बाघिन और दो शावक कैद नहीं हुए हैं, हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि बाघिन बहुत कम कैमरा ट्रैप में आती है, पर 18 दिन से वो एक भी बार कैमरा ट्रैप में नहीं आई है। जिससे इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो रही है कि बाघिन के दो शावक भी दा है या नहीं। राजाजी टाइगर रिजर्व के वार्डन हरीश नेगी ने बताया कि बाघिन और शावकों को कैमरा ट्रैप में कैद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मॉनिटरिंग टीम भी जंगल में लगी हुई है। जैसे ही बाघिन और उसके शावकों की कोई जानकारी मिलेगी तो अवगत कराया जाएगा।

# जंगलों में लगी आग के बाद आबादी का रुख कर रहे तेंदुए

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

जंगलों में लगी आग के बाद वन्यजीव, खासकर तेंदुए आबादी का रुख कर रहे हैं इससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। ताड़ीखेत ब्लॉक के गांवों में इन दिनों आबादी के नजदीक तेंदुए नजर आने से ग्रामीणों में दहशत है। बमस्यू, बजोल गांव के पास एक बड़ा तेंदुआ नजर आया, इसकी मोबाइल में तस्वीर कैद हुई है। चार दिन पूर्व भी रानीखेत में नगर के बीचो-बीच छावनी परिषद कार्यालय में भी एक तेंदुआ सीसीटीवी में कैद हुआ था।

वन विभाग के मुताबिक जंगलों में आग लगने के बाद तेंदुए आबादी की तरफ रुख करने लगे हैं। एक सप्ताह पूर्व तेंदुए ने बजोल, बमस्यूं, बजीना डौरब गांवों में 12 से अधिक गोवंशीय पशु और बकरियों मारा था। घरों के आंगन से कुत्तों को उठाकर ले जाने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं, इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत है। बीते शनिवार देर शाम बजोल के पास एक तेंदुआ चहलकदमी करता नजर आया, इसकी तस्वीर रानीखेत बाजार से अपने आवास सीएचसी शलंगी को जा रही डॉ. अदिति कटियार ने मोबाइल में कैद की। ग्रामीण चंदन सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपक मेहरा, कुंदन सिंह, गोपाल सिंह ने कहा कि आए दिन तेंदुआ गांव के नजदीक पहुंच रहा है। इससे लोगों के साथ ही वन विभाग भी चिंतित है।



# रानीधारा के लोगों ने सड़क सुधारीकरण की मांग पर किया प्रदर्शन



अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

लंबे समय से बदहाल रानीधारा सड़क का सुधारीकरण न होने से नाराज क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सीवर और पेयजल लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क को काम पूरा होने के बाद ऐसे ही छोड़ दिया गया। बारिश में मलबा और पानी घरों में घुस रहा है।

रानीधारा मार्ग की दुर्दशा को लेकर क्षेत्र के लोग विनय किरौला के नेतृत्व में सड़क पर एकत्र हुए और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि पेयजल और सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क सुधारीकरण नहीं हुआ है। रानीधारा, एडम्स से धार की तूनी समेत आसपास के क्षेत्र में सड़क पर जमा मलबा बारिश के पानी के साथ घरों में घुस रहा है। कहा बीते वर्ष भी घरों में मलबा घुसने से उन्हें खासा नुकसान झेलना पड़ा था। कहा कई बार सड़क सुधारीकरण की मांग के बाद भी उनकी नहीं सुनी जा रही। संबंधित विभाग उनकी परेशानी को अनदेखा कर रहा है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा मानसून काल नजदीक है और उन्हें चिंता सताने लगी है। चेतावनी देते हुए कहा जल्द सड़क का सुधारीकरण नहीं हुआ तो वे आंदोलन छेड़ने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर डॉ. सैयद अली हामिद, डॉ. एसएस पथनी, नीमा पंत, मनोज बिष्ट, शंभू बिष्ट, मीनाक्षी पांडे, अमरीश पवार, सुजीत टम्टा, नंदन सिंह, गीता पंत, हेमा चौहान आदि मौजूद रहे।

## ओपन मिनी मैराथन में सौरभ भट्ट प्रथम

**पिथौरागढ़।** पांखू में खेलकूद प्रोत्साहन समिति की ओर से जय मां कोटगाड़ी मिनी मैराथन और महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रस्साकशी में जाबुका विजेता और कोटगाड़ी की महिला टीम उपविजेता रही। मिनी मैराथन के अंडर 10 बालक वर्ग में बैराट जुब्बर के साहिल कुमार प्रथम, बालिका वर्ग में मदी गांव की गुंजन पाठक पहले स्थान पर रहे। ओपन मिनी मैराथन में पिथौरागढ़ के कुमौड़ निवासी सौरभ भट्ट प्रथम रहे।

# सिलेंडर में रिसाव से विस्फोट, दीवार गिरने से महिला घायल

पिथौरागढ़

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़ नगर के कुमौड क्षेत्र में स्थित सिंचाई विभाग कॉलोनी में गैस रिसाव से एक मकान में विस्फोट हो गया। धमाके से दीवार गिरने से बसंती देवी दब गई।

पिथौरागढ़ नगर के कुमौड क्षेत्र में स्थित सिंचाई विभाग कॉलोनी में गैस रिसाव से एक मकान में विस्फोट हो गया। धमाके से दीवार गिरने से बसंती देवी दब गई। धमाके की आवाज सुनकर



आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड सहित पुलिस और गैस एजेंसी के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

बताया गया है कि गैस सिलेंडर में रिसाव के चलते कमरे में गैस भर गई थी सुबह बसंती देवी ने चाय बनाने के लिए जैसे ही माचिस की तीली जलाई जोरदार विस्फोट के साथ आग लग गई। आग की चपेट में आने से बसंती देवी करीब 30 प्रतिशत झुलस गई जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने कहा कि महिला की हालत खतरे से बाहर है।

# शैली सेवन ने जीती टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

एनटीडी स्थित रैमजे खेल मैदान में आयोजित स्व. योगेश तिवारी टी-10 नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शैली सेवन और ब्लू बर्ड्स के बीच खेला गया। शैली सेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 29 रनों से मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा मंत्री बिट्ठू कर्नाटक ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शैली सेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 80 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी



ब्लू बर्ड्स की टीम 51 रनों पर ही सिमट गई और शैली सेवन ने 29 रनों से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

लोकेश रावत को बेस्ट बैट्समैन और मैन ऑफ द सिरीज चुना गया। करन शैली मैन ऑफ द मैच रहे, कुनाल शर्मा बेस्ट बॉलर और भानु शर्मा बेस्ट फील्डर चुने गए।

गिरीश धवन ने मैच का आंखों देखा हाल सुनाया। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मनोज सनवाल, राजेंद्र गुरुरानी, महेंद्र बिष्ट, विनोद तिवारी, रोहित शैली, भुवन तिवारी, नितिन गुप्ता, आबिद अली आदि मौजूद रहे।